आ जाओ सांवरिया दिल ने पुकारा | By Raju Singh Anuragi

आ जाओ सांवरिया दिल ने पुकारा
दिल ने पुकारा बाबा दिल से पुकारा
आ जाओ सांवरिया ....

आ जाओ बाब तेरा लाड हम लड़ाएंगे
पलकों के पालने में झूला झुलाएंगे
खुशबू से महकेगा आँगन हमारा
आ जाओ सांवरिया ....

छोटा सा दिल का कमरा सूना पड़ा है
कमरे में तेरे रंग का आइना जड़ा है
आईने में देखूं मुखड़ा तुम्हारा
आ जाओ सांवरिया ....

अर्ज़ी हमारी बाबा मर्ज़ी तुम्हारी
आ जाओ करके बाबा लीले की सवारी
मन्नू दया से चलता सबका गुज़ारा
तेरी दया से चलता सबका गुज़ारा
आ जाओ सांवरिया ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be/